राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

*संख्या– **155/2023***

राज्यपाल ने मई दिवस के अवसर पर सभी श्रमिक भाई–बहनों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 30 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 'मई दिवस' (1 मई) के अवसर पर बिहार एवं देश के सभी श्रमिक भाई–बहनों को शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है एवं उसके औद्योगिक विकास एवं उत्पादकता में वृद्धि मूल रूप से श्रमिकों के कार्य कौशल पर ही निर्भर करती है। उन्होंने कहा है कि मई दिवस सम्पूर्ण विश्व में श्रमिकों की एकता एवं संघर्ष का परिचायक है। सरकार श्रमिकों की इस एकता एवं संघर्ष की महत्ता को समझते हुए इनके क्षमता का विकास एवं अधिकारों की सुरक्षा के साथ उन्हें सबल बनाने हेतु सतत प्रयासरत है। श्रमिकों, विशेषकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने हेतु सरकार द्वारा कई योजनाओं का संचालन एवं श्रम अधिनियमों का प्रवर्त्तन किया जा रहा है।

उन्होंने सभी नियोजकों सहित तमाम मजदूर संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा स्वंयसेवी संगठनों से अपील की है कि श्रमिकों का शोषण रोकने में सरकार को सहयोग करें तथा श्रमिकों हेतु चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन में सहभागी बनें।

राज्यपाल ने आशा व्यक्त की है कि सभी नियोजक एवं श्रमिक राज्य के चतुर्दिक विकास में अपना महत्तम योगदान देंगे।

राज्यपाल ने मई दिवस के अवसर पर समस्त श्रमिकों एवं उनके परिजनों के सुखमय भविष्य की कामना की है।

....